तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **नरेन्द्र बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़)** सू.अ.अपील संख्या 71/2023	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.03.23	अपीलार्थी नरेन्द्र राम बेड़ा निवासी बेड़ो की ढ़ाणी, हरियाढाणा, बिलाड़ा, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थनां पत्र दिनांक 12.01.2023 में उसके द्वारा सूचना का अधिकार के आवेदन क्रमांक 353548777866425 के जवाब में लोक सूचना अधिकारी द्वारा बताया गया कि श्री मंगलाराम की जमीन ग्राम सितारी में होने के कारण मंगलाराम से वसूली हेतु प्रकरण तहसीलदार पीपाड़ को भिजवाया गया था, उक्त प्रकरण में वसूली से संबधित कार्यवाही से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, पीपाड़) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, पीपाड़) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (हिमान्शु गुप्ता) जिला कलक्टर जोधपुर **जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)**	